<u>प्रकाशनार्थ</u>

गोरखपुर 11 नवम्बर। गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय तथा महन्त दिग्विजयनाथ आयुर्वेद चिकित्सालय के संयुक्त तत्वावधान में बॉसस्थान भटहट में दिनांक 13 नवम्बर,2016 दिन रविवार को एक निःशुल्क बृहद स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। स्वास्थ्य मेला का उद्घाटन गोरक्षपीठाधीश्वर एवं गोरखपुर के सांसद महन्त योगी आदित्यनाथ जी महाराज पूर्वाह्न 10.00 बजे करेगें।

उक्त जानकारी गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक **डॉ0 सी0एम0सिन्हा** ने दी। उन्होंने कहा कि प्रति वर्ष गुरू श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय तथा महन्त दिग्विजयनाथ आयुर्वेद चिकित्सालय ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में विभिन्न स्वास्थ्य शिविर और स्वास्थ्य मेलों का आयोजन करता है जिसमें मरीजों को निःशुल्क परामर्श के साथ–साथ उपचार के लिए दवा भी उपलब्ध करवायी जाती है। बासंस्थान में 13 नवम्बर को इसी उद्देश्य से स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। इस स्वास्थ्य मेला में आम जनता के लिए निम्नलिखित सुविधाएं उपलब्ध होगी।

1. नेत्र की बीमारी जैसे मोतियाबिन्द, समलबाई, नासूर, नाखूना, पर्दे की बीमार का निःशुल्क जांच। मोतियाबिन्द के रोगियों को चिन्हित कर एवं आपेरशन पूर्व जांच कर मोतियाबिन्द का निःशुल्क आपरेशन बिना टांका विधि से इन्ट्राआकुलर लेन्स (आई0ओ0एल0) पद्धति से करने के लिए चिन्हित करना।
2. नाक–कान–गला, दांत, पेट, हड्डी आदि रोग की जांच एवं उपचार।
3. टी.बी., सीने की बीमारी, मलेरिया, कैन्सर एवं कुष्ठ रोग के विषय में विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सलाह एवं उपचार।
4. हृदय, गुर्दा, मस्तिष्क सम्बन्धी बीमारियों की जांच एवं उपचार वरिष्ठ चिकित्सक विशेषज्ञों द्वारा की जायेगी।
5. आयुर्वेद के वरिष्ठ विशेषज्ञों द्वारा सलाह एवं उपचार।
6. ब्लड एवं ब्लड बैंक की विशेष जानकारी।
7. अन्य स्वास्थ्य योजनाओं की विस्तृत जानकारी।
8. इस स्वास्थ्य मेलें में प्रख्यात फिजिशियन, सर्जन, अस्थिरोग विशेषज्ञ, चर्म रोग, स्त्री रोग, दन्त रोग, चेस्ट रोग, बालरोग आदि के चिकित्सा विशेषज्ञ अपनी सेवायें प्रदान करेंगे।

उन्होनें जनता से अपील की कि जो भी सज्जन निःशुल्क स्वास्थ्य मेले में परामर्श एवं निःशुल्क दवा का लाभ उठाना चाहते है वे निर्धारित तिथि एवं नियत समय पर पहुँचकर इस बृहद स्वास्थ्य मेला का लाभ उठा सकते है।